उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-20)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 17 जून, 2024


सलमान खान-पेज-6 पर

मेडिकल कॉलेज की एमएमबीबीएस छात्रा 5वीं मंजिल से गिरी, मौत 8

मौत का सौदागर बना टाटमिल का कृष्णा हॉस्पिटल 7

### बकरीद पर सीएम योगी की सख्त हिदायत

## सड़क पर न पढ़ी जाए नमाज, प्रतिबंधित जानवरों की नहीं होनी चाहिए कुर्बानी



लखनऊ। योगी ने निर्देश दिया कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद कचरे के निस्तारण के लिए सभी जिलों में व्यवस्थित कार्ययोजना शुरू की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने का भी निर्देश दिया। आगामी बकरीद के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक आदेश जारी कर सड़कों पर नमाज अदा करने और अज्ञात स्थानों पर पशु कुर्बानी पर प्रतिबंध लगा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई कुर्बानी प्रथा में चढ़ाए जाने वाले प्रतिबंधित जानवरों का वध करते हुए पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान पहले से ही चिह्नित कर लिया जाए। अन्य स्थानों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। विवादित या संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी नहीं दी जानी चाहिए। योगी ने निर्देश दिया कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद कचरे के निस्तारण के लिए सभी जिलों में व्यवस्थित कार्ययोजना शुरू की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने का भी निर्देश दिया। योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को सतर्क रहने और आगामी त्योहारी महीने के दौरान राज्य में कानून-व्यवस्था पर मजबूत पकड़ बनाए रखने को कहा। जहां हिंदू 16 जून को गंगा दशहरा मनाएंगे, वहीं मुस्लिम 17 जून को बकरीद मनाएंगे। बाद में, हिंदू भक्त 22 जुलाई को कांवर यात्रा पर निकलेंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं तैयार रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने त्योहारों की तैयारियों की भी समीक्षा की. सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह भी बताया कि 18 जून को %बड़ा मंगल% त्योहार मनाया जाएगा और उसके बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जुलाई में मुहर्रम (17 जुलाई) और कांवर यात्रा जैसे कार्यक्रम होंगे। कानून-व्यवस्था की दृष्टि से यह अवधि बेहद संवेदनशील है। सरकार और प्रशासन को 24म7 एक्टिव मोड में रहने की जरूरत है।

## ईवीएम की पारदर्शिता पर राहुल गांधी ने फिर जताई चिंता



नयी दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए हैं। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर गांधी ने ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में एक अखबार की खबर की तस्वीर भी साझा की है, जिसमें मुंबई की एक घटना का जिक्र है। बता दें, इस घटना में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर पर फोन के जरिए ईवीएम को अनलॉक करने का आरोप लगा है। वनराई पुलिस के अनुसार, मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईवीएम मशीन को अनलॉक करने वाले ओटीपी को जनरेट करने के लिए किया गया था, जिसका इस्तेमाल 4 जून को नेस्को सेंटर के अंदर किया गया था। वनराई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रामपियारे राजभर ने मिड-डे से बात करते हुए कहा, हमने मोबाइल फोन को फोरेंसिक के पास भेज दिया है, जो कॉल रिकॉर्ड की जांच करेगा।

हमने अन्य उम्मीदवारों के बयान दर्ज किए हैं और आरोपी मंगेश पांडेलकर और दिनेश गुरव को नोटिस भेजा है। उन्हें जांच के लिए पुलिस स्टेशन आना होगा। वे अभी हमारे साथ सहयोग करते दिख रहे हैं, अगर यह रुका तो हम गिरफ्तारी वारंट जारी करेंगे। प्यूर्टो रिको के हालिया प्राथमिक चुनावों में हुई गड़बड़ी के बाद एलन मस्क ने ईवीएम की हैकिंग को लेकर चिंता जाहिर की।

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर



नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

### नीट एग्जाम केस: कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग की



नयी दिल्ली। मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो ''प्रधानमंत्री के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।''

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने वास्तव में धांधली की है और डॉक्टर बनने के लिए आयोजित की जाने वाली जैसी परीक्षा के प्रश्नपत्रों को पहले ही मुहैया कराने के भ्रष्ट आचरण को मीडिया संस्थानों ने उजागर किया है।' उन्होंने कहा, ''गुजरात की कुछ घटनाओं से मैं हैरान हूं और ये राष्ट्रीय के लिए चिंता का विषय हैं। मुझे लगता है कि एनटीए को इन गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए।'' सिब्बल ने कहा कि इससे भी ज्यादा आश्चर्यजनक और निराशाजनक बात यह है कि जब भी ऐसा कुछ होता है और वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार होता है तो ''अंधभक्त'' इसके लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को दोषी ठहराना शुरू कर देते हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इस तरह के बयान देने से पहले वे पूरी तरह से जानकारी ही नहीं जुटाते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि नीट विनियमन वर्ष 2010 में भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा इसके निदेशक मंडल के माध्यम से पेश किया गया था



**फोटो परिचय** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ऋषिकेश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती अपनी मां गायत्री देवी का कुशलक्षेम जानने पहुंचे। एम्स-ऋषिकेश के सूत्रों ने बताया कि गायत्री देवी को अस्पताल में आंख के उपचार के लिए भर्ती किया गया था। उन्होंने बताया कि करीब पौने दो घंटे के अपने प्रवास के दौरान योगी ने रुद्रप्रयाग में शनिवार को हुए सड़क हादसे के घायलों से भी मुलाकात की।







बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

ईदुल अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं





बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

## संपादकीय

### फिर आतंकी हमले

पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान की चर्चा हो रही थी। अब लगातार हो रहे आतंकी हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में दखल दे सकते हैं। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं। केंद्र सरकार विचार करे कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद क्या वाकई घाटी में स्थिति सामान्य हो पायी है?

# मिली-जुली सरकार के जनादेश के निहितार्थ

बाद में भी कई गठबंधन सरकारें देश में बनी हैं। नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मिली-जुली सरकारों के अच्छे उदाहरणों में गिनी जाती हैं। वाजपेयी ने तो अपनी गठबंधन सरकार की सफलता के लिए कश्मीर और अयोध्या जैसे विवादित मुद्दों को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया था। ऐसा समझौता गठबंधन की सरकार की सफलता का एक आधार होता है। सभी घटकों की विचारधारा को सम्मान मिले, इसे ध्यान में रखकर ही गठबंधन सरकारों में अक्सर सहमति के आधार पर न्यूनतम कार्यक्रम तय किए जाते हैं। नयी सरकार ने अभी तक ऐसा कोई कार्यक्रम तय नहीं किया है। संभव है अंदरखाने इस संदर्भ में कोई बातचीत हुई हो। पर नीतियों के बारे में सामान्य सहमति गठबंधन सरकार की सफलता की एक शर्त है, इसे भुलाया नहीं जाना चाहिए।



'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार 400 पार' के नारों के साथ देश में नयी सरकार का गठन हो गया है। सरकार नयी तो है इसमें कोई संदेह नहीं, पर सत्तारूढ़ पक्ष द्वारा कोशिश यही बताने की हो रही है कि कहीं कुछ बदला नहीं है, कल जो सरकार थी वही आज भी है और कल भी वही रहेगीङ्क मोदी सरकार। कार्पोरेट जगत की परिपाटी के अनुसार नयी सरकार को 'मोदी 3.0' कहा जा रहा है। यह सही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही नयी सरकार बनी है, पर सही यह भी है कि यह सरकार मोदी या भाजपा की नहीं बीजेपी के नेतृत्व वाली मिली-जुली सरकार है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव-परिणाम स्पष्ट बता रहे हैं कि मतदाता ने भाजपा को लोकसभा में सबसे बड़ा दल तो बनाया है, पर इतना बड़ा भी नहीं कि उसका एकछत्र राज हो सके। कहने को तो पिछली दो सरकारें भी एनडीए की मिली- जुली सरकारें ही थीं, पर बाकी दलों पर भाजपा की अनुकंपा वाली स्थिति थी। इस बार ऐसा नहीं है।

तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की 'अनुकम्पा' के बिना भाजपा की मोदी 3.0 सरकार चल नहीं सकती। इसीलिए ऐसा माना जा रहा है कि अब भाजपा की जोर-जबरदस्ती नहीं चलेगी। गठबंधन धर्म का मतलब ही यही है- सभी घटक दल एक-दूसरे का सम्मान करें! वर्चस्व तो बड़े दल का रहेगा पर दादागीरी किसी की नहीं चलेगी।

देश में गठबंधन सरकारों का सिलसिला बहुत पुराना है। जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में जब स्वतंत्र भारत की पहली सरकार बनी थी तो उन्होंने स्वेच्छा से कांग्रेस से इतर दलों के नेताओं को अपनी सरकार का हिस्सा बनाया था। बाबा साहेब अंबेडकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेता इसी नीति के तहत तत्कालीन सरकार का हिस्सा बने थे, और तब तक बने रहे, जब तक उन्हें लगा कि बहुमत वाली कांग्रेस उन पर निर्णय थोप नहीं रही।


बाद में भी कई गठबंधन सरकारें देश में बनी हैं। नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मिली-जुली सरकारों के अच्छे उदाहरणों में गिनी जाती हैं। वाजपेयी ने तो अपनी गठबंधन सरकार की सफलता के लिए कश्मीर और अयोध्या जैसे विवादित मुद्दों को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया था। ऐसा समझौता गठबंधन की सरकार की सफलता का एक आधार होता है। सभी घटकों की विचारधारा को सम्मान मिले, इसे ध्यान में रखकर ही गठबंधन सरकारों में अक्सर सहमति के आधार पर न्यूनतम कार्यक्रम तय किए जाते हैं। नयी सरकार ने अभी तक ऐसा कोई कार्यक्रम तय नहीं किया है। संभव है अंदरखाने इस संदर्भ में कोई बातचीत हुई हो। पर नीतियों के बारे में सामान्य सहमति गठबंधन सरकार की सफलता की एक शर्त है, इसे भुलाया नहीं जाना चाहिए।आदर्श स्थिति तो यह है कि गठबंधन ऐसे दलों के बीच में हो जिनकी बुनियादी नीतियों में कोई समानता हो। पर अक्सर ऐसा होता नहीं। अक्सर गठबंधन का आधार सत्ता में हिस्सेदारी ही होता है। हैरानी तो इस बात पर भी होती है कि अक्सर एक-दूसरे के धुर विरोधी सत्ता के 'फेविकोल' से जुड़ जाते हैं। मौजूदा सरकार की ही बात करें, भाजपा के शीर्ष नेताओं ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को क्या-क्या नहीं कहा, और इन दोनों ने भी भाजपा के नेतृत्व को कब बख्शा? इस सबके बावजूद आज यह सब सत्ता में भागीदारी कर रहे हैं। दोनों ही तरफ से पिछले व्यवहार के लिए किसी प्रकार का खेद प्रकट नहीं किया गया है, और न यह कहा गया है कि उनसे कुछ ग़लती हुई थी। आदर्श स्थिति तो यह है कि सत्ता के लिए गठबंधन का हिस्सा बनने वाले अपने मतदाताओं से क्षमा मांग कर ही ऐसा करें। पर आदर्श वास्तविकता कब होते हैं? हमारे राजनेता गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर हैं और यह भी समझते हैं कि जनता की याददाश्त बहुत कमज़ोर होती है, मतदाता अगले चुनाव आने तक सब कुछ भूल जायेगा।

बहरहाल, कभी-कभी गठबंधन सरकारें एक आवश्यकता, या कहना चाहिए विवशता, भी बन जाती हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि बड़ा घटक दल छोटे के विचारों और भावनाओं का सम्मान करेगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या हमारी वर्तमान सरकार में ऐसा कुछ होते हुए दिख रहा है। कहा जा सकता है कि अभी बहुत जल्दबाजी होगी इस संदर्भ में कोई निष्कर्ष निकालने में। लेकिन जिस तरह से मंत्रिमंडल का गठन हुआ है, और जिस तरह सभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पिछले मंत्रियों को ही बिठाया गया है, और जिस तरह पहले सौ दिन के कार्यक्रम घोषित किये जा रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि भाजपा इस सरकार को पिछली दो सरकारों की अगली कड़ी के रूप में ही दिखाना चाहती हैङ्क इसीलिए एनडीए सरकार के बजाय 'मोदी 3.0' सरकार कहने पर जोर दिया जा रहा है। यह सच है कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं, और इस दृष्टि से वह नेहरू के बाद ऐसा कर पाने वाले पहले व्यक्ति बन गये हैं, पर इस बात को भी समझा जाना चाहिए कि तीसरी बार सत्ता में आने के लिए मोदी की भाजपा को पिछली दो बार से कम सफलता मिली हैङ्क संसद में भाजपा के सांसदों की संख्या कम हुई है! इसका सीधा-सा मतलब है मतदाताओं में प्रधानमंत्री मोदी की स्वीकार्यता कम हुई हैङ्क यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भाजपा ने यह चुनाव और पिछले दो चुनाव भी, मुख्यत-प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर ही लड़े हैं। सफलता और असफलता दोनों में उनकी भूमिका सर्वाधिक रही है।यह सारी बातें इस ओर संकेत कर रही हैं कि नयी सरकार की सफलता के लिए गठबंधन धर्म का निर्वाह अत्यंत आवश्यक है। यह सही है कि लोकसभा में भाजपा सांसद प्रचुर संख्या में हैं, पर चूंकि सत्ता मिली-जुली सरकार की है, इसलिए सभी घटक दलों को मिल-जुलकर अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली को देखते हुए यह आशंका होनी ग़लत नहीं होगी कि घटक दलों में कुछ टकराव हो सकता है। पर कोशिश होनी चाहिए कि ऐसा टकराव न हो, एक-दूसरे की भावनाओं और विचारों का सम्मान हो।

यहीं यह बात समझनी भी ज़रूरी है कि प्राप्त वोटों की दृष्टि से देखें तो पिछली दो बार की तुलना में इस बार प्रधानमंत्री मोदी को अपेक्षाकृत कम वोट मिले हैं। जनतांत्रिक मूल्यों का तकाज़ा है कि इस स्थिति को नज़रअंदाज न किया जाये। वहीं यह बात भी समझनी होगी कि मतदाता ने सिर्फ सरकार ही नहीं चुनी, विपक्ष भी चुना है। जनतंत्र की सफलता का आकलन इस स्थिति की स्वीकार्यता में निहित है। विपक्ष का दायित्व बनता है कि वह सत्तारूढ़ पक्ष को मिले जन-समर्थन का सम्मान करें।

# बजट:महिलाओं किसानों व युवाओं पर हो सकता है फोकस

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर दुनियां की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले व सबसे बड़े लोकतंत्र में विशाल चुनावी महापर्व का समापन होने, केंद्र सरकार बनने और मंत्रालयों का बंटवारा होकर चार्ज संभालने का काम करीब पूर्ण हो चुका है, व 18वीं लोकसभा का पहला 10 दिवसीय सत्र 24 जून से 3 जुलाई 2024 को होने की घोषणा संसदीय कार्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कर दी है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ,अभिपुष्टि अध्यक्ष का चुनाव भारत के राष्ट्रपति का अभिभाषण व उसपर चर्चा होगी तथा राज्यसभा का 264 वां सत्र भी 27 जून से 3 जुलाई तक होगा। इस बीच माननीय वित्तमंत्री ने 12 जून 2024 को वित्त मंत्रालय जाकर अपना कार्यभार संभाला है, अब भारत ही नहीं पूरे विश्व की नज़रें भारतीय पूर्ण बजट जुलाई2024 पर लग गई है। बता दें माननीय वित्तमंत्री इससे पहले पांच पूर्ण बजट व एक अंतरिम बजट यानी कुल 6 बजट पेश कर चुकी है।अब जुलाई 2024 का यह सातवां बजट व सातवां पूर्ण बजट होगा,इसीके साथ ही वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई का लगातार 6 बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ देगी, क्योंकि वह सातवां बजट पेश करने जा रही है जिसकी उन्हें बहुत-बहुत बधाईयां।चूंकि मंत्रालय कापदभार संभालने के साथ ही बजट की सुब सुबाहट तेज हो गई है, इसलिए मेरा ध्यान भी इस ओर गया और मैं पूर्ण बजट जुलाई 2024 पर आलेख व रिपोर्ट लिखने का निर्णय लेकर जानकारी जुटानाप्रारंभ किया और मंथन किया चुनाव में किए गए वादों, घोषणा पत्र के वादों, चुनावी सभा में उठाए गए मुद्दों व पीएम के सपने भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है व विजन 2047 को दिशा देना है तो इसकी जोरदार शुरुआत का आगाज पूर्ण बजट जुलाई 2024 से ही करना समय की मांग है। बता दें कि संसद के इस सत्र के बाद संभवत: 22 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक बजट सत्र का आयोजन हो सकता है ऐसा मेरा मानना है, यानें विश्वास है, परंतु सटीकता नहीं है तारीखों में हेरफेर हो सकती है।मेरा मानना है कि इस पूर्ण बजट में महिलाओं किसानों व युवाओं पर फोकस हो सकता है, स्टार्टअप विभाग अतिरिक्त राशि की मांग कर सकते हैं, मध्यवर्गीय वर्ग पर टैक्स छूट की राशि बढ़ाने व उद्योग नीति में बदलाव की संभावनाएं की जा सकती है ताकि अनेक देशों के साथ जो फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की वार्ताएं चल रही है उसमें



सकारात्मक रूख आए।चूंकि भारतीय हैट्रिक सरकार एट द रेट ऑफ 3.0 अपने फार्म में आ चुकी है, अब पूरे विश्व की निगाहें भारतीय पूर्ण बजट जुलाई 2024 पर टिकी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने व विजन 2047 को दिशा देने, जुलाई 2024 बजट में इसकी झलक दिखनां समय की मांग है।साथियों बात अगर हम बजट जुलाई 2024 में महिलाओं किसानों व युवाओं पर फोकस की करें तो,उम्मीद है कि पीएम के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बजट में इसी से मिली-जुली घोषणाएं कर सकती हैं। हालांकि इकोनॉमी की रफ्तार को लेकर सरकार अपने कदम पीछे खींचने के मूड में बिल्कुल भी नजर नहीं आ रही है और चुनाव नतीजों के बाद देश को संबोधित करते हुए उनके भाषण में ढ्ढ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जिक्र भी शामिल रहा। हालांकि, इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस बार के पूर्ण बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए सरकार कुछ नए और बड़े ऐलान कर सकती है। हालांकि, कांग्रेस के घोषणापत्र में जो ऐलान किए गए थे,तो हैट्रिक सरकार भी पहले से ही गरीबों और महिलाओं के लिए कुछ खास योजनाएं संचालित कर रही हैं।इनमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना शामिल है, जिसके तहत देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। वहीं बात करें 1 फरवरी 2024 को संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट में हुए बड़े ऐलानों की, तो हैट्रिक सरकार ने हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया था और इस पर आगे बढ़ते हुए चुनाव से पहले ही पीएम सूर्यघर योजना को लॉन्च कर दिया था। इसके अलावा अंतरिम बजट में और भी कई ऐलान किए गए थे।साथियों बात अगर हम अंतिम बजट में किए गए एलानो व आगे की रणनीति की करें तो,अंतरिम बजट में किए गए बड़े ऐलान, पीएम आवास के तहत तीन करोड़ घर बनाए गए, अगले पांच साल में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे।सर्वाइकल कैंसर के लिए टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा,9-14 साल के बच्चियों को मुफ्त टीकालगाया जाएगा।अब तक 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया है। इस लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। पीएम गति शक्ति के तहत 3 नए कॉरिडोर बनाए जाएंगे, अगले 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या 149 तक हो गई है। वंदे भारत की 40 हज़ार बोगियां अपग्रेड होंगी। मेट्रो और नमो भारत को अन्य शहरों से जोड़ा जाएगा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के रिजल्टस उम्मीद के मुताबिक नहीं आए हैं, तो फिर पूर्ण बजट खासा लोकलुभावन होने की उम्मीद जताई जा रही है, इनमें आम आदमी को टैक्स पर राहत, किसानों के लिए खास ऐलान किए जा सकते हैं. इसके अलावा पीएम उज्ज्वला योजना के जैसी अन्य किसी योजना की घोषणा भी की जा सकती है।हालांकि,इन सबके साथ ही हैट्रिक सरकार इकोनॉमी की रफ्तार को बनाए रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्टर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर अपना फोकस बनाए रख सकती है। दरअसल, ऐसा इसलिए भी है क्योंकि चुनाव में जाने पर पहले इंडिया गठबंधन ने सौगातों की बौछार करते हुए देश की जनता से तमाम बड़े वादे किए थे और उदाहरण के तौर पर इनमें महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने का वादा भी किया गया था।लेकिन इस तरह के वादों का असर भी चुनाव नतीजों पर देखने को मिला और इंडिया गठबंधन ने 234 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अलकनंदा नदी में टैंपो ट्रैवलर गिरने से 14 पर्यटकों की मौत, पीएम ने की अनुग्रह राशि की घोषणा की

शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेम्पो ट्रैवलर जिस पर 26 लोग सवार थे, सड़क से फिसलकर अलकनंदा नदी में गिर गया, जिससे कम से कम 14 पर्यटकों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज एक बहुत दुखद घटना घटी. रुद्रप्रयाग में एक टैंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. कुछ घायलों का इलाज रुद्रप्रयाग में चल रहा है जबकि कुछ को इलाज के लिए हवाई मार्ग से एम्स ऋषिकेश ले जाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। नरेंद्र मोदी के हवाले से पीएमओ ने लिखा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग टेंपो ट्रैवलर दुर्घटना में घायल हुए लोगों से एम्स ऋषिकेश में मुलाकात की।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि घायलों को उचित इलाज मिलना बहुत जरूरी है। उनके परिजनों को एक-एक कर सूचित किया जा रहा है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं कि उन्हें सभी आवश्यक उपचार मिलें...मैंने इस (दुर्घटना) की जांच का निर्देश दिया है। इस बीच उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी इस दुखद घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, %%इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं और इस स्थिति को गंभीरता से लेने की जरूरत है।%%

हादसे पर दुख जताते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ''एक्स'' पर पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।

# सवर्ण वोटरों के मोहभंग ने भाजपा का यूपी में किया नुकसान

पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी



देश की राजनीति में बड़ा उथल पुथल मचा हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार के भाजपा को लेकर दिए बयान पर विवाद शुरू हो गया है। इंद्रेश कुमार ने कहा था कि अहंकार ने भाजपा को 241 पर रोक दिया। इससे पहले इंद्रेश कुमार ने गुरुवार को कहा- राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए। जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया। उनको जो पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। लोकसभा चुनाव के नतीजों में, खासतौर पर बीजेपी को नुकसान होने के बाद कहा जा रहा है कि इस बार संघ ने पार्टी के लिए खुल कर काम नहीं किया। चुनाव के नतीजों के बाद संघ में चल रहे मंथन पर देश के अलग-अलग हिस्सों में संगठन में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे पदाधिकारियों से बात की। इसमें संघ और भाजपा के बीच खाई पैदा होने की वजह सामने आईं। जनपद के पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक पंकज सीबी मिश्रा ने बताया कि, इंद्रेश कुमार के बयान से पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी राजनीतिक दलों को नसीहत दी थी। 10 जून को नागपुर में संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन में उन्होंने चुनाव, राजनीति और राजनीतिक दलों के रवैये पर बात की। भागवत ने कहा- जो मर्यादा का पालन करते हुए कार्य करता है, गर्व करता है, किन्तु लिप्त नहीं होता, अहंकार नहीं करता, वही सही अर्थों मे सेवक कहलाने का अधिकारी है!

उत्तर प्रदेश में शर्मनाक हार से बौखलाए भाजपा ने गद्दारों को खोजने के लिए विशेष जांच दल बनाया है जबकि कारण यह कि सवर्ण नाराज है उन्हें सुविधाए नहीं मिली ना उनके हक़ के लिए आवाज़ उठा जिसके कारण ये कोर वोटर वोट देने ही नहीं निकले। उत्तर प्रदेश में कम सीट जीतने और मोदी को बनारस सीट पर केवल 1.50,000 के अंतर से जीत हासिल करने का कारण खोज रहे हैं जबकि सवर्ण चिल्ला चिल्ला कह रहा कि हमारे लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया इसलिए यह हश्र हुआ ! इंद्रेश कुमार जयपुर के पास कानोता में रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा, जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी, उनमें से किसी को भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर भी नंबर एक नहीं बने, नंबर- दो पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य है, बड़ा आनंददायक है।इसलिए जिस पार्टी ने भक्ति की, अहंकार आया, उस पार्टी को 240पर रोक दिया, पर सबसे बड़ी बना दिया। जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। कहा- तुम्हारी अनास्था का यही दंड तुमको है कि तुम सफल नहीं हो सकते। इंद्रेश के बयान को लेकर शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा- बात सही है। भाजपा अहंकार के कारण ही हारी है।हालांकि इंद्रेश कुमार ने कहा कि अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने जनता पर जुल्म किए तो रामजी ने 5 साल का विश्राम दे दिया है! उन्होंने अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार पर कहा- जो राम की भक्ति करे, फिर अहंकार करे, जो राम का विरोध करे, उसका अकल्याण अपने आप हो गया है। इंद्रेश कुमार ने राम की ओर से सीता का परित्याग करने के पीछे भी नई कहानी बताते हुए भाजपा को नसीहत दी। उन्होंने कहा राम हर 100 साल में अपने राज्य में अश्वमेघ यज्ञ करते थे, ताकि उनके राज्य में कोई भूखा न रहे, कोई वंचित न रहे, कोई शिक्षा के बिना न रहे, कोई दुखी न रहे। राम का जितना बड़ा राज्य था, आज तक किसी का नहीं हुआ। इंद्रेश कुमार हिंदू और मुसलमानों को संघ की विचारधारा से जोड़ने के लिए इन्होंने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की स्थापना सन 2002 में की थी। इंद्रेश कुमार हिमालय परिवार, पूर्व सैनिकों के लिए संगठन की स्थापना भी कर चुके हैं। वे जम्मू-कश्मीर में प्रांत प्रचारक भी रहे हैं। राजस्थान से भी इंद्रेश कुमार का जुड़ाव रहा है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सम्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

## दिव्यांगजन विवाह पुरस्कार के लिये करें आवेदन

# दिव्यांग दम्पति को मिलेगा पैंतीस हजार




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति मे से युवक के दिव्यांग होने की दशा मे रू0 15000/- युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000/- तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दषा मे रू0 35000/- की धनराषि दिये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण पात्रता की शर्ते शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। शादी के समय युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति मे से कोई आयकर दाता न हो। (सम्बन्धित तहसीलदार द्वारा निर्गत पृथक-पृथक आय प्रमाण पत्र) मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार स्थाई दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। सिर्फ ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष मे हुआ हो। दम्पत्ति मे से कोई सदस्य किसी आपराधिक मामले मे दंडित न किया गया हो। दम्पत्ति का विवाह रजिस्ट्रार के स्तर पर पंजीकृत होना अनिवार्य नही है विवाह का कोई प्रमाण पत्र संलग्न करें।जिसके पास पूर्व से कोई जीवित पति या पत्नी न हो और उनके ऊपर महिला उत्पीड़न या अन्य आपराधिक वाद न चल रहा हो।दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पात्र दम्पति पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वॉछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित हार्ड कापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सषक्तीकरण अधिकारी (सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट जी0टी0 रोड़ गोल चैराहा) कानपुर नगर मे जमा करे।

# आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने नगर निगम पहुंचकर मुद्दों पर नगर आयुक्त से वार्ता की



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, समाजवादी पार्टी के आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई शहर की समस्याओं को लेकर कैंट विधायक हसन रूमी एवं पार्षदों के साथ नगर आयुक्त से जाकर भेंट की शहर की बिगड़ी हुई व्यवस्था खुदी सडके, गड्ढा युक्त सड़क, जल भराव, समस्या को अवगत कराया कहां की धनकुट्टी अस्पताल की एन.ओ.सी.सामुदायिक केंद्र बारात शाला हरबंस मोहाल,महोत्सव पंडाल,झकरट्टी पानी की टंकी,फीलखाना पानी की टंकी एवं गंगा बैराज से जोड़ा जाना,मालवीय पार्क के लीकेज को ना बनाया जाना,रोडलाईट,कलक्टरगंज बाजार,नाला सफाई की समीक्षा, पेयजल सप्लाई,आवारा जानवर कुत्तों की समस्या,नाना राव पार्क में गार्डों द्वारा मॉर्निंग वाकर एवं महिलाओं से हो रही अभद्रता, स्विमिंग पूल की दर में अवैधानिक बढ़ोत्तरी, गोल चौराहे पर अतिक्रमण मुक्ति के बाद स्थायी कब्जा आदि।

साथ में विधायक मो. हसन रूमी, नीरज सिंह एवं पार्षद मो. सारिया, सुशील तिवारी, रजत बाजपेई, फैजान रहमान, मो. अली, लियाकत अली, इशरत अली, आलोक यादव, फकर इकबाल, मो मेराज, अकील शानू पूर्व पार्षद कीर्ति अग्निहोत्री, एवं चंकी गुप्ता, विकास गुप्ता, सुरभित जायसवाल, जावेद हसन, बॉबी एहसास, आकाश यादव आदि साथी मौजूद रहे।

## लू की चपेट में आने से ट्रक चालक समेत तीन की मौत

कानपुर। बुंदेलखंड की पठारी धरती पर लू का कहर जारी है। गुरुवार को लू और भीषण गर्मी से ट्रक चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जिला अस्पताल व निजी क्लीनिकों में उल्टी, दस्त, बुखार व पेटदर्द के मरीजों की भरमार है। 24 घंटे में 16 लोगों की हालत नाजुक होने पर अस्पताल के वार्डों में भर्ती कराया गया। चिकित्सक तेज धूप से बचाव और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ जुटी। ओपीडी में 729 मरीज पहुंचे। 24 घंटे के अंदर उल्टी, बुखार व पेटदर्द से पीड़ित रमेश, शमीम, अनीता, भूमिका, आयुष, श्रेयांश, लक्ष्मी, सौरभ, दद्दू, रामपाल, इमाम, कंचन, हल्के, सृष्टि, महेंद्र और मुन्नी की हालत नाजुक होने पर वार्डों में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जनपद प्रतापगढ़ के कुर्रही गांव निवासी सर्वेश कुमार उर्फ दीपक (42) ट्रक चालक था। गुरुवार को वह गिट्टी लेने पत्थरमंडी कबरई आया था।तभी पीएनसी क्रशर प्लांट के पास हालत बिगड़ने पर उसने सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर दिया। नीचे उतरते ही वह अचेत होकर गिर गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, कहरा निवासी जयनारायण (50) खेत गया था। जहां वह अचेत होकर गिर गया और मौत हो गई।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार, झाड़ियों में छिपा रखी थी बाइक

## बसंत विहार चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह व हमराही ने मिलकर बाइक चोर को दबोचा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) कमिश्नरेट कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर दक्षिण के निर्देशन में व एसीपी नौवस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता के नेतृत्व में उ0नि0 छत्रपाल सिंह चौकी प्रभारी बसंत विहार द्वारा मय हमराहीयान संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की चेकिंग करने के दौरान हमीरपुर रोड चन्दी पुरवा मोड़ पुलिया के पास से दीपक बाल्मिक उर्फ बाबू पुत्र मुखिया उर्फ बाबूराम बाल्मिक निवासी 76 -ष्ठ धरी पूरवा उम्र करीब 22 वर्ष को चोरी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर न0 क्क 78क्क 9232 के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर एक और मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स क्क 78क्क6040 बसंत विहार स्थित केसा पार्क में झाड़ियां के पीछे चुरा कर छुपाई है बताया अभियुक्त उपरोक्त की निशानदेही पर मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स नश क्क78क्क6040 बरामद कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 286/24 धारा 41/411 आईपीसी में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

# अब बस ! अब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का समूल नाश हो



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल, अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी एवं वैश्य महासंगठन के संयुक्त तत्वाधान में कश्मीर में निर्दोष तीर्थ यात्रियों की निर्मम हत्या के विरोध में आतंकियों का पुतला दहन करके आक्रोश प्रकट किया गया और सरकार से अपील की गई की अब बस और आर पार की लड़ाई में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का समूल नाश किया जाये। जनता की माँग है कि अब पाकिस्तान के साथ कोई क्रिकेट मैच ना हो और इनके साथ सारे कूटनीतिक राजनयिक संबंध खत्म हो।कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ काशीवार ने कहा कि ये काल शोक का नहीं है अपितु घोर आक्रोश का है और हमारा उद्देश्य एक ही है की सरकार को आमजन की भावना पहुँच जाये कि सरकार अब सखत और निर्मम कार्यवाही करे ।कमलजीत सिंह बग्गा ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीय इस समय तीव्र क्रोध में उबल रहा है। ये आतंकी पिशाच हैं और निर्दोष तीर्थयात्रियों को मारने वाले को कैसी रहम या दया। इनकी एक ही सज़ा है - सज़ा ए मौत। हमारा समाज पार्टी के रमेश गुप्ता ने कहा कि अब आमजन ऐसी दुर्दांत घटना को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकती।

नरेश कठेरिया ने कहा कि मोदी अमित शाह एवं अजीत दोवाल तक संदेश जाये कि अब सर्जिकल स्ट्राइक की तरह अब अंतिम प्रहर करके पूर्ण नेस्तनाबूद करने का समय है । संचालन राम शंकर वर्मा ने किया इस अवसर पर व्यापार मंडल से सिद्धार्थ काशीवार , कमलजीत सिंह बग्गा , नरेश कठेरिया , आनंद गुप्ता , अजय प्रकाश तिवारी , अनूप सिंह भदौरिया , राम शंकर वर्मा , कानपुर नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता , कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र शर्मा,सुमित कुमार सिद्धार्थ , अंकुर गुप्ता , अच्छे नवाब,मुकुल साहू , गुरु नारायण गुप्ता , राजा श्रीवास्तव , रामजी सोनी , पवन ठाकुर बव्वन , शिवम् गुप्ता,अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के रमेशचंद्र गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,

शैलेंद्र गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष,महेश गुप्ता प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज वैश्य अधिवक्ता,संजीव गुप्ता, सुनील गुप्ता,अतुल सिंह, वेद पांडे, विशाल चतुर्वेदी,सोनू गुप्ता उर्फ मनोज राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय बौद्ध संघ आदि भारी संख्या में जनमानस उपस्थित था ।



# पुलिस विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो रही भर्तियों के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौपा



कानपुर, समाजवादी युवजन सभा कानपुर महानगर अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया जो की पुलिस विभाग में आउटसोर्सिंग द्वारा होने वाली नियुक्तियों के संबंध में था अर्पित त्रिवेदी ने कहा नौजवान अभी लोकसभा चुनाव में वोट देकर उठा ही था और अग्नि वीर जैसी व्यवस्था से व्यथित था लेकिन लोकसभा चुनाव के ठीक बाद पुलिस विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली भर्तियों के जानकारी से वह गंभीर निराशा की स्थिति में चला गया है यदि सरकारी विभागों में इसी प्रकार से आउटसोर्सिंग के माध्यम से भारतीय होती रही तो नौजवानों का भविष्य अंधेरे में चला जाएगा उन्होंने कहा कि अगर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भारतीय करने का विचार स्थगित नहीं किया गया तो समाजवादी युवजन सभा कानपुर महानगर के नौजवान एक बड़ा आंदोलन करेंगे और नौजवानों के उज्जवल भविष्य हेतु जहां कहीं भी अधिकारों के लिए लड़ना पड़ेगा लड़ेंगे।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में साथ में अजय श्रीवास्तव,गौतम निगम,भानु ठाकुर अनुराग पांडे, रवि वर्मा, सत्यम यादव, अंश राजपूत, रजत यादव,ओम श्रीवास्तव, अभिराज,तुषार श्रीवास्तव, आलोक यादव,शिवम जायसवाल, रोहित राज राजपूत आदि रहे!

# व्यापार मण्डल के कानपुर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता का पदभार ग्रहण एवं स्वागत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के तत्वाधान में मण्डल अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार के द्वारा कानपुर महानगर के नव मनोनीत अध्यक्ष मनोज गुप्ता का सम्मान हुआ एवं विधिवत अधिष्ठापन हुआ।

अधिभार ग्रहण प्रदेश संगठन मंत्री आनंद गुप्ता ने कराया ।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के लिए हर व्यापारी समान है चाहे वो रेहड़ी व्यापारी हों या फिर करोड़ों के शोरूम का मालिक ।व्यापार मंडल व्यापारी हित , व्यापारी उत्थान एवं व्यापारी संघर्ष के लिए हर तरह से सजग , सक्रिय एवं प्रयत्नशील रहेगा । जुलाई माह में महानगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वारा गठित कार्यकारिणी का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह किया जाएगा ।इस अवसर पर सिद्धार्थ काशीवार , आनंद गुप्ता , कमलजीत सिंह बग्गा , नरेश कठेरिया , अजय प्रकाश तिवारी , महेंद्र शर्मा दिनेश महाराज , राम शंकर वर्मा , सुखदेव सिंह , अनूप गुप्ता , सुमित कुमार सिद्धार्थ , अनूप भादौरिया , गुरु नारायण गुप्ता , सनमदीप सिंह , मयूर जयसवाल , रज्जन लाल सेनी , अच्छे नवाब , अब्दुल्ला अंसारी , कृष्ण मोहन शुक्ला , बववन ठाकुर , दिनेश गुप्ता , बबलू जयसवाल , संतोष गुप्ता , शुभम् गुप्ता , पी के शुक्ल , संदीप पांडे , मनीष गुप्ता , जितेंद्र दीक्षित , हर्ष गुप्ता , अशोक गुप्ता , सुनील गुप्ता आदि भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



## स्कूटी सवार महिला से लूट के लुटेरों से मुठभेड़, एक घायल

कानपुर। स्कूटी सवार महिला की चेन और पर्स लूटने वाले बदमाशों से आज पुलिस की मुठभेड़ हुई। कल्याणपुर पुलिस ने जवाहरपुरम एल्डिको के पीछे बुधवार देर रात मुठभेड़ में एक लुटेरे के पैर में गोली मारकर और दूसरे को घेरकर पकड़ लिया।8 जून की रात महिला सबीहा, पति सज्जन खां और बेटी के साथ घर लौट रही थी। जीटी रोड पर बाइक से आए बदमाशों ने महिला को खींचकर गिरा दिया और चेन-पर्स लूट लिया। महिला कई घंटे बेहोश रही। दोनों लुटेरों की पहचान बालाजीपुरम निवासी मुकेश निषाद और सुखऊपुरवा निवासी राजकुमार उर्फ राजा के रूप में हुई।डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि कल्याणपुर में रहने वाले सज्जन खां उर्फ जीतू 8 जून की रात को अपनी पत्नी सबीहा और दो बेटियों के साथ स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। यूनिवर्सिटी मेट्रो स्टेशन से कुछ दूरी पहले पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार लुटेरों ने सबीहा के कंधे पर लटका पर्स छीन लिया। इस छीना झपटी के दौरान स्कूटी का संतुलन बिगड़ने के चलते सज्जन खां और उनका परिवार सड़क पर गिर गया और सज्जन खां की सबीहा को गम्भीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस ने महिला को हैलट में एडमिट कराया था। सज्जन खां उर्फ जीतू की तहरीर के आधार पर थाना कल्यानपुर पर बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

# व्यापारियों ने रात्रि मे गश्त बढ़ाये जाने को लेकर पुलिस आयुक्त से मिले, सौंपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर की प्रमुख बाज़ारो मे सभी दिनों मे खासकर शनिवार से रविवार की रात्रि मे गश्त बढ़ाये जाने को लेकर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिले व वार्ता करके ज्ञापन सौंपा 7वार्ता मे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने पुलिस आयुक्त से कहा कि कानपुर महानगर की शहरी सीमा में शहर के अंदर चौराहों पर बदली यातातात व्यवस्था से कुछ जगह सुधार हुआ है लेकिन खासकर घंटाघर ,मूलगंज ,बादशाही नाका चौराहा,बड़ा चौराहा ,डिप्टी पड़ाव ,रावतपुर क्रॉसिंग मे यातायात व्यवस्था से और कल्याणपुर बाजार मे वन वें व्यवस्था से व्यापार प्रभावित हो रहा है और इसी तरह अन्य कुछ बाज़ारो व चौराहो में ट्राफिक व्यवस्था में बदलाव करने के उपरांत जाम और बढ़ रहा है और इससे व्यापार प्रभावित हो रहा हैँ ।

आगे कहा कि कल्याणपुर बाजार मे वन वें व्यवस्था से वहां का व्यापार आधे से भी कम रह गया है जिससे जी एस टी व अन्य राजस्व घट रहा है इसलिए कल्याणपुर बाजार मे वन वें व्यवस्था समाप्त की जाय और पूरे महानगर मे घंटाघर, मूलगंज चौराहे सहित अन्य चौराहो पर वर्तमान मे नये सिरे से यातायात व्यवस्था की समीक्षा की जाय ।वार्ता मे महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह व वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने कहा कि प्रत्येक चौराहों के चारो तरफ ज्यादा जाम के हिसाब से ट्राफिक व्यवस्था में रेड व ग्रीन लाइट सिग्नल को ऑटोमेटिक की बजाय मैनुवल किया जाए। शहर की थोक बाजारों में प्रत्येक दिन व खासकर शनिवार से सोमवार की सुबह तक बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाकर रात्रि में और गश्त बढ़ाई जाए।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि कल्याणपुर बाजार मे वन वें व्यवस्था व कुछ चौराहो पर यातायात जैसे मामले है इन्हे देखकर निस्तारण किया जाएगा ।

# कानपुर में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

## NEET परीक्षा के परिणाम में हुए भ्रष्टाचार के लिये आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी




बीपीएस न्यूज

कानपुर। नीट परीक्षा जो कि देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं, उसका पेपर भी लीक हो गया।बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को भ्रष्ट्राचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहाँ संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार हैं। जिसके वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं ।आम आदमी पार्टी कानपुर नगर द्वारा सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रभारी आशुतोष सेंगर जी ने मांग किया गया कि हृश्वश्वञ्ज परीक्षा को रद्द करते हुए उच्च स्तरीय जांच किया जाए और दोषियों को जेल भेजने का काम किया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला जिला महासचिव मुशीर सि ?द्दीकी जिला उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल सम्यद्रवर्तित शमी इकबाल कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष माइनॉरिटी विंग मो0 शाहिद, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग योगेश दीक्षित, प्रदेश सचिव यूथ विंग मुकेश झा, प्रदेश सचिव महिला विंग सरिता द्विवेदी, वरिष्ठ नेत्री कृष्णा प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम, रमा अवस्थी महिला अध्यक्ष सुधीर शर्मा, अबू तालिब नरेंद्र गुप्ता कृष्ण कुमार सिंह चकित, आदि लोग रहे।

# विद्यालयों में नामांकन में पिछड़ा कानपुर देहात जिला

## शिक्षकों से मांगा गया स्पष्टीकरण 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों की समीक्षा का आदेश जारी

कानपुर देहात। परिषदीय स्कूलों में घटती छात्र संख्या को शासन ने गंभीरता से लिया है। जिन स्कूलों में छात्र संख्या 50 से कम है उनके प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। कानपुर देहात के 850 स्कूलों में छात्र संख्या 50 से भी कम है। छात्र नामांकन की श्रेणी में कानपुर तीसरे स्थान पर है। आगरा में सबसे अधिक 1035, मैनपुरी में 943 स्कूलों में छात्र संख्या 50 से कम है। प्रदेश के 132842 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में 27931 ऐसे हैं जहां छात्रसंख्या 50 से भी कम है। यही नहीं 56 विद्यालयों में छात्रसंख्या शून्य है। प्रदेश में जुलाई 2011 में अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 लागू होने के 13 साल बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 2024-25 सत्र की वार्षिक कार्ययोजना और बजट के संबंध में आयोजित बैठक में यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ओर से प्रस्तुत पिछले सत्र (2023-24) के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 5151 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात है कि 37.13 प्रतिशत स्कूलों में शिक्षक-छात्र अनुपात आरटीई के अनुरूप नहीं है। इस पर यूपी के अधिकारियों को स्कूलों में मानक के अनुरूप शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने 50 से कम छात्र नामांकन वाले स्कूलों की स्थिति को लेकर खेद व्यक्त किया है। उन्होंने सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 50 से कम छात्र नामांकन वाले स्कूलों के कारणों की समीक्षा करते हुए उक्त संबंध में सुसंगत स्पष्टीकरण 20 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आपका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बिजली चोरों पर एक्शन में केस्को विभाग





कानपुर। केस्को अब फुल एक्शन में दिख रहा है। ताबड़ तोड़ छापे मारकर बिजली चोरी पर कठोरतम कार्यवाही कर रही है।किदवई नगर खंड के अंतर्गत अजीतगंज में सहायक अभियंता और अवर अभियंता द्वारा चेकिंग के दौरान 13 ई रिक्शा वाहनों को चोरी की बिजली से चार्जिंग करते हुए पकड़ा गया। विद्युत अधिनियम 2003 संशोधित 2007 के धारा 135 के अंतर्गत रेहान अहमद निवासी 130/295 अजीत गंज के रहने वाले पर कार्यवाही की गई। वहीं दूसरी तरफ प्रवर्तन दल ने थाना बेकन गंज के अंतर्गत हलीम कंपाउंड में 7 किलो वाट घरेलू भार की बिजली चोरी पकड़ी। जो सी पैनल से अवैध केबल कटिया डालकर घर में बिजली सप्लाई दी जा रही थी।

# यूपीसीडा: कर्मियों को वेतन के साथ दिया जाए मेडिकल भत्ता

## केन्द्रीयित औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संघ ने पत्र जारी कर उठाई मांग






बीपीएस न्यूज

कानपुर ।केन्द्रीयित औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संघ उ0प्र0 प्राधिकरण के कार्मिकों द्वारा यूपीसीडा में देय तिमाही मेडिकल भत्ता प्रतिमाह वेतन के साथ जारी करने की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष स्वराज श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल भत्ते की दर पुन रक्षित करते हुए 16000/- से 25000/- किये जाने हेतु निरन्तर मॉग किया जा रहा है व संघ से भी अनुरोध किया जा रहा है कि प्राधिकरण में समस्त कार्मिको को तिमाही देय मेडिकल भत्ता जिसे कार्मिकों द्वारा प्रत्येक तिमाही प्राधिकरण द्वारा जारी प्रारूप पर भर कर माँग किया जाता है। जिसमें प्राधिकरण द्वारा प्रारूप प्रिन्ट में अनावश्यक धन व्यय होता है व प्राधिकरण स्तर पर एक अलग से मेडिकल स्वीकृत कार्य भारित हो रहा है। जब कि मेडिकल भत्ते को कार्मिको के इन्कम टेक्स गणना में शामिल करते हुए ही गणनी की जाती है जिस कारण से मेडिकल भत्ते को वेतन में लगाने से कार्मिकों किसी प्रकार की हानि नही है और न ही प्राधिकरण को किसी प्रकार की क्षति होती है। यहाँ यह भी अवगत कराना अति आवश्यक है कि यूपीसीडा में अन्य औद्योगिक प्राधिकरणों की भाँति कैश लेस मेडिकल की सुविधा भी नही है। यूपीसीडा में कार्मिकों को देय मेडिकल भत्ते की दर विगत कई वर्षों से मात्र 16000/- प्रति वर्ष स्वीकृत है जबकि प्राधिकरण में कार्यरत अधिकॉश कार्मिको की उम्र लगभग 40 से 55 वर्ष केमध्य है व कार्मिकों पर आश्रित बुजुर्ग माता/पिता पर कोरोना महामारी के पश्चात अधिकॉशतः मेडिकल व्यय हो रहा है

जो कि वर्तमान में महगाई के दृष्टिगत अत्यन्त ही उपयुक्त नही है। तो वहीं प्राधिकरण द्वारा विगत कई वर्षों से मेडिकल दर भी पुनरक्षित नही की गयी है। हर्ष के साथ आप यह भी अवगत है कि प्राधिकरण ने गतवर्ष अत्याधिक लाभॉश भी अर्जित किया है।

केन्द्रीयित औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संघ के अध्यक्ष स्वराज श्रीवास्तव ने कहा कि संघ अनुरोध करता है कि प्राधिकरण में देय तिमाही मेडिकल भत्ता प्रतिमाह वेतन के साथ आहरित किये जाने एवं मेडिकल भत्ते की दर पुन रक्षित करते हुए 16000/- से 25000/- किये जाने के आदेश जारी करने की कष्ट करें।

# बसपा सुप्रीमो पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज




कानपुर ।नगर के अनेक बहुजन समाज के संघटनो द्वारा बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती को ट्वीटर पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले फिल्म प्रोड्यूसर केआरके , कमाल खान के विरोध में एकजुट हो कर कौशिक पार्क कचहरी से पैदल मार्च निकाल कर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया,जिसमे मांग की गई की दलित एवम महिला विरोधी टिप्पणी पर कमाल खान पर उचित कार्यवाही की जाए,समय पर उचित कार्यवाही न होने पर और भी मजबूती के साथ विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे ।जिसमे मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन के साथी उपस्थित रहे,जिसमे पूर्व जिलाध्यक्ष बीएसपी कानपुर आर पी चौधरी,संदीप कुरील,अरविंद कुमार,नवीन गौतम एडश्, जीतू पैंथर एडश्, भारतीय दलित पैंथर के अध्यक्ष धनी राम पैंथर,वीरेंद्र बहुजन, आदित्य कुरील,सुनील कुमार,अजय वर्मा,जय कठेरिया,विनीत कुमार,विनय सेन,विजय लक्ष्मी, गीतू गौतम,बलवीर सिंह, एडश् आकाश सिंह बादल,राकेश बादल,राम सजीवन, एडश् रविन्द्र गौतम,राधेश्याम भारती,अजय गौतम,विनय गौतम, शिवम सिंह आजाद,पन्ना लाल,आशीष कुमार, राम लखन कटियार,सुरेश कुशवाहा,दीपक गौतम,राजेश संखवार,मनीष कुमार,शुभम जैसवार,विकास कुमार,रोहित सिंह,दिनेश राम,अर्चना गौतम,विपिन गौतम,जीतेंद्र दोहरे आदि सैकड़ों की संख्या में साथी उपस्थित रहे।

# सजी रह गई दुल्हन, नहीं आई बारात

## सिकंदरा क्षेत्र के जमुआ गांव का मामला, दुल्हन जिला अस्पताल में भर्ती, घर में खुशियों की जगह गम

## दूल्हा पक्ष के लोगों को फोन मिलाते रहे कन्या पक्ष के लोग नही लगा फोन

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। बेटी को हंसी-खुशी विदा करने के लिए पिता ने शादी के भरपूर इंतजाम किए थे बारातियों के स्वागत से लेकर जनातियों के सत्कार के लिए पांडाल लगाकर तैयारियां की गईं, लेकिन ऐन वक्त पर जब बारात नहीं आई। दूल्हा पक्ष के लोगों के फोन मिलाए जाते रहे, लेकिन नंबर नही लगा ।सब नंबर स्विच ऑफ रहे। - शादी की आस टूटने से आहत होकर दुल्हन ने जहर पी लिया। इसकी जानकारी होते ही शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कि दहेज की डिमांड बढ़ने पर बारात नहीं आई।मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के जमुआ गांव का है। यहां के भारत सिह ने अपनी बेटी खुशबू की शादी इटावा जनपद के सुनवराशा गांव निवासी लल्लन बाबू दोहरे के बेटे अंकुश के साथ तय की थी। सोमवार को बारात आनी थी। बारात को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। शादी में शामिल होने के लिए नाते-रिश्तेदारों के साथ गांव के लोग एकत्र हो गए थे। बारातियों का स्वागत करने के लिए कन्या पक्ष के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक बारात ही नहीं आई। समय ज्यादा होने और इंतजार का सब्र टूटने के बाद लड़की के पिता भारत सिंह ने लड़के वालों को फोन किया तो सभी के फोन बंद मिले। यह बात पूरे गांव में फैल गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।इस बीच शादी के हसीन ख्वाब संजोए दुल्हन खुशबू घर के कमरे में तैयार हो रही थी। जब उसे बारात नहीं आने की भनक उसको लगी तो उसने भी दूल्हे को फोन मिलाया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने से संपर्क नहीं हो सका। देर रात तक इंतजार करने के बाद भी जब बारात नहीं आई तो आहत होकर दुल्हन खुशबू ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन फौरन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।



# नागपुर की फैक्ट्री धमाके से 5 लोगों की मौत, गडकरी बोले- मेरी कोई स्वागत यात्रा नहीं निकलेगी



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट किया कि यह खबर बहुत दुखद है कि नागपुर के हिंगना स्थित इलाके में चामुंडा एक्सप्लोसिव कंपनी में हुए विस्फोट में 6 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 3 लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए दांडे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैं जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नर के संपर्क में हूं और जिला प्रशासन की ओर से सभी जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा किया है। मैं मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि नागपुर में 6 लोगों की मृत्यु हुई है। मुझे इसका बहुत दुख भी हुआ है। इसलिए, मैंने प्रार्थना भी की थी आज मेरी कोई स्वागत यात्रा नहीं नकलेगी। मुझे दर्द है। मैं मृतकों के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करता हूं, भगवान उनकी आत्मा को शांति दे ऐसी प्रार्थना करता हूं। नागपुर पुलिस कमिश्नर रविंदर सिंघल ने बताया, 卐इस घटना में लगभग 4-5 लोगों की मृत्यु हुई जिसमें 4 महिलाएं हैं। हमारी जांच चल रही है। हमारी टीम, क्राइम ब्रांच व वरिष्ठ अधिकारी यहां मौके पर मौजूद हैं, कार्रवाई जारी है।

## 13 साल के बच्चे ने दिल्ली एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की दी धमकी! पुलिस ने किया गिरफ्तार

टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान के बारे में एक फर्जी बम की धमकी वाला ईमेल भेजने के आरोप में आईजीआई पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग, जिसकी पहचान गोपनीय रखी गई है, ने 4 जून को ईमेल भेजने की बात स्वीकार की, ताकि यह जांचा जा सके कि पुलिस उसका पता लगा सकती है या नहीं। आईजीआई जिले की पुलिस उपायुक्त उषा रंगरानी ने बताया कि 4 जून को धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट को तुरंत हाई अलर्ट पर रखा गया। 301 यात्रियों और 16 चालक दल के सदस्यों वाले विमान को खाली कराया गया और प्रोटोकॉल के अनुसार तलाशी ली गई। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उचित तलाशी के बाद, धमकी फर्जी पाई गई और सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। इस तरह की धमकियों की आवृत्ति को देखते हुए, भेजने वाले का पता लगाने के लिए इंस्पेक्टर विजेंद्र राणा के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया गया। पुलिस जांच ने धमकी भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए ईमेल आईडी पर ध्यान केंद्रित किया। पता चला कि ईमेल अकाउंट धमकी भेजे जाने से एक से दो घंटे पहले ही बनाया गया था और कुछ ही देर बाद डिलीट कर दिया गया था। तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि ईमेल उत्तर प्रदेश के मेरठ से आया था। मेरठ पहुंचने पर पुलिस ने ईमेल के लिए जिम्मेदार नाबालिग की पहचान की। पूछताछ के दौरान, उसने खुलासा किया कि वह मुंबई हवाई अड्डे पर बम की धमकी की खबरों से प्रेरित था। पुलिस की ट्रैकिंग क्षमताओं के बारे में जिज्ञासा ने उसे अपने मोबाइल फोन पर एक फर्जी ईमेल आईडी बनाने के लिए प्रेरित किया।

## लश्कर आतंकवादी मोहम्मद आरिफ की दया याचिका राष्ट्रपति मुर्मू ने की खारिज

# लाल किले पर हमले के दोषी को होगी फांसी?

करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ ??अशफाक की



दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। 25 जुलाई, 2022 को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति द्वारा खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को आरिफ की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें मामले में उसे दी गई मौत की सजा की पुष्टि की गई थी हालांकि, विशेषज्ञों का मानना ??है कि मौत की सजा पाने वाला दोषी अभी भी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत लंबी देरी के आधार पर अपनी सजा कम करने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 15 मई को प्राप्त आरिफ की दया याचिका 27 मई को खारिज कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि आरिफ के पक्ष में कोई राहत देने वाली परिस्थितियां नहीं थीं और इस बात पर जोर दिया कि लाल किले पर हमला देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए सीधा खतरा है।

22 दिसंबर 2000 को हुए इस हमले में घुसपैठियों ने लाल किला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स यूनिट पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप तीन सेना कर्मियों की मौत हो गई। पाकिस्तानी नागरिक और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य आरिफ को हमले के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत के 2022 के आदेश में कहा गया था, 卐अपीलकर्ता-अभियुक्त मोहम्मद आरिफ उर्फ ??अशफाक एक पाकिस्तानी नागरिक था और उसने अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था।

# आपके मोबाइल नंबर पर अब आपका हक नहीं रह जाएगा? इसका अलग से चार्ज लिया जाएगा?



अगर आपको पता चले कि जिस मोबाइल नंबर से आप फटाफट अपने रिश्तेदारों को फोन घुमाते हैं उस पर आपका मालिकाना हक नहीं है तो आप चौंक जाएंगे। अगर आपसे मैं ये कहूं कि आपके खाना खाने से लेकर ट्रेन-बस में सफर करने तक के दौरान का साथी आपके मोबाइल में जो नंबर आप इस्तेमाल कर रहे हैं उसके पैसे आपको सरकार को देने पड़ेंगे तो आप कहेंगे भाई ये भला क्या बात हुई। हर महीने रिचार्ज के रूप में तो हम पैसे का भुगतान करते ही हैं। लेकिन जरा ठहरिए। अब जल्द ही आपको मोबाइल और लैंडलाइन नंबर के लिए पैसे देने पड़ सकते हैं। दरअसल, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल और लैंडलाइन नंबरों के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें कहा गया है कि आपका फोन ऑपरेटर यानी फोन चलाने वाली कंपनी आपके स्मार्टफोन और लैंडलाइन नंबर के लिए चार्ज ले सकती है।

**ट्राइ की तरफ से क्या कहा गया**

6 जून, 2024 को जारी एक परामर्श पत्र में विस्तृत इस प्रस्ताव से पता चलता है कि मोबाइल ऑपरेटरों को इन नंबरों के लिए शुल्क का सामना करना पड़ सकता है, जिसे बाद में उपभोक्ताओं पर डाला जा सकता है। ट्राई ने कहा है कि 5जी नेटवर्क, मशीन-टू-मशीन संचार और इंटरनेट ऑफ थिंग्स उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने सहित संचार प्रौद्योगिकियों में प्रगति के कारण मौजूदा नंबरिंग प्रणाली की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता हो गई है। ट्राई के अनुसार, शुल्क की शुरूआत का उद्देश्य इन 'सीमित संसाधनों' का कुशल आवंटन और उपयोग सुनिश्चित करना है।

**किस तरह से लिया जा सकता है पैसा**

पैसा कभी कभी टेलीकॉम कंपनियों पर तो कभी सीधे फोन इस्तेमाल करने वालों पर भी लग सकता है। ट्राई की तरफ से चार्ज लगाने के तरीकों के बारे में बताया गया। ट्राई के अनुसार, सरकार मोबाइल कंपनियों से तीन तरीकों से शुल्क ले सकती है। पहला की हर एक फोन नंबर के लिए एक ही बार चार्ज ले लिया जाए। दूसरा ये हो सकता है कि हर साल टेलीकॉम कंपनियों को दिए गए सभी नंबरों पर लगने वाली फीस। तीसरा तरीका ये है कि कुछ खास और याद रखने में आसान नंबर के लिए सरकार ऑक्शन प्रोसेस रख सकती है।

**स्पेक्ट्रम की तरह फोन नंबर की मालिक सरकार**

ट्राई का कहना है कि स्पेक्ट्रम की तरह फोन नंबर की मालिक सरकार है। सरकार ही टेलीकॉम कंपनियों को लाइसेंस के दौरान सिर्फ इन नंबरों का यूज करने का हक देती है। पिछले साल दिसंबर में पास हुए नए टेलीकॉम कानून में भी ऐसा ही प्रावधान है। इसके तहत टेलीकॉम कंपनियों से नंबरों के लिए एक तय चार्ज शुल्क जा सकता है। ट्राई का दस्तावेज़ इन तकनीकी प्रगति से प्रेरित भारत के दूरसंचार परिदृश्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन को रेखांकित करता है। मार्च 2024 तक 1.19 अरब से अधिक टेलीफोन ग्राहकों और 85.69 प्रतिशत की टेली-घनत्व के साथ, नंबरिंग संसाधनों की मांग बढ़ गई है प्रस्तावित नंबरिंग योजना का लक्ष्य 'दूरसंचार पहचानकर्ता' संसाधनों को आवंटित करने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण, सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला और कुशल विस्तार का समर्थन करना है।

# दिल्ली और यूपी में 17 जून तक लू चलेगी, पूर्वोत्तर में भारी बारिश की संभावना



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को चेतावनी दी कि आने वाले 4 से 5 दिनों तक दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ में लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा, 卐अगले 4-5 दिनों के दौरान भारत के उत्तरी हिस्सों में लू से भीषण लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है 卐 जहां उत्तरी राज्यों में लू की स्थिति बनी हुई है, वहीं आईएमडी ने पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

मौसम विभाग ने अपने मौसम पूर्वानुमान में कहा कि अगले 4-5 दिनों में उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। मौसम अपडेट के मुताबिक, आने वाले दिनों में गर्मी से ज्यादा राहत नहीं मिलेगी क्योंकि इस हफ्ते दिल्ली और एनसीआर इलाकों में अधिकतम तापमान ऐसा ही रहने की संभावना है। बुधवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, झारखंड, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 45-47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। लू के थपेड़ों के बीच कानपुर में तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

पूर्वानुमान में उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 13 जून से 17 जून तक लू से भीषण लू चलने की भविष्यवाणी की गई है। 13 से 15 जून की अवधि के लिए गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के लिए हीटवेव अलर्ट भी जारी किया गया था। 13 से 17 जून तक दिल्ली-हरियाणा-चंडीगढ़ क्षेत्र के साथ-साथ पंजाब के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति जारी रहने की उम्मीद है, जबकि 16 और 17 जून को इन क्षेत्रों में गंभीर हीटवेव की स्थिति अलग-अलग हिस्सों को प्रभावित कर सकती है।

# कुवैत में मारे गए मृतकों के शवों को आईएएफ के विमान के जरिए दिल्ली लाया गया



नई दिल्ली। कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीर को लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पहुंचा। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और अन्य नेता पार्थिव शरीर को लेने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि बहुत ही दुखद घटना है... हमारे विदेश मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री से बात की, हम वहां के विदेश मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से मिले, उन्होंने हमें बहुत सहयोग किया। हमने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की, ज्यादातर लोगों को 1-2 दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा, एक व्यक्ति गंभीर है भर्ती है। कुछ लोगों के हाथ, पैर में फ्रैक्चर हैं, उनका इलाज चल रहा है। हमारा दूतावास लगातार घायलों के संपर्क में है और वे स्थिति का मुआयना कर रहे हैं... कुवैत सरकार का सहयोग रहा है जिसके कारण हम मृतकों के पार्थिव शरीर को इतनी जल्दी यहां ला पाए हैं। अग्निकांड में जान गंवाने वाले कुल 45 भारतीयों में से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे और उनके शवों को शुक्रवार को सुबह विमान से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार किया और दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने सभी 31 शवों पर पुष्पांजलि अर्पित की। केरल पुलिस ने दिवंगत लोगों को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। चेंगन्नूर के एक परिवार के दो सदस्यों की इस दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना में मरने वालों में चेंगन्नूर के मैथ्यू थॉमस (53) और पयप्पडु के उनके भतीजे शिबू वर्गीस (30) भी शामिल हैं।

## अहंकार ने बीजेपी 241 सीटों पर रोक दिया: आरएसएस

नागपुर (महाराष्ट्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को अहंकारी बताया। साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन को राम विरोधी कहा। जयपुर के पास कनोता में 'रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह' में बीजेपी को लेकर टिप्पणी की उन्होंने कहा, 2024 में राम राज्य का विधान देखिये। जिनमें राम की भक्ति थी और धीरे-धीरे अहंकार आ गया, उन्हें 241 सीटों पर रोक दिया गया। हालांकि पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया उन्होंने कहा, जिसने राम का विरोध किया, उनमें किसी को भी शक्ति नहीं दी, सबको मिलाकर भी नंबर एक नहीं नंबर दो पर खड़े कर दिए। जिनकी भगवान पर आस्था नहीं थी उन्हें 234 पर रोक दिया। अनास्था का यही दंड है कि तुम सफल नहीं हो सकते।

# सम्मान निधि की किस्त जारी, अब पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर देने की आई बारी

मोदी 3.0 के शपथ ग्रहण के बाद से ही सरकार फुल एक्शन मोड में नजर आ रही है। पीएम मोदी की तरफ से आज सुबह अपना काम संभालने के साथ ही किसान सम्मान निधि को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। शाम होते होते मोदी सरकार ने अब पीएम आवास योजना को और एक्सटेंड करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम अपनी नई कैबिनेट की पहली बैठक की है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करेगी। पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

10 साल में 4.21 करोड़ घर बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने खुद इस बात की घोषणा बीजेपी के मेनिफेस्टो को रिलीज करते हुए कही थी। अधिकारियों ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना वित्तीय वर्ष 2015-16 से, भारत सरकार बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित घरों के निर्माण में पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों की सहायता के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' (पीएमएवाई) लागू कर रही है। पिछले एक दशक में, इस पहल के तहत कुल 4.21 करोड़ घर पूरे हो चुके हैं, जिससे देश भर के गरीब परिवारों को लाभ हुआ है। पीएमएवाई के तहत निर्मित घर न केवल आश्रय हैं, बल्कि घरेलू शौचालय,



एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ आते हैं।

# मोदी ने योगी को दिया सबसे बड़ा ईनाम, अखिलेश के भी उड़े होश



पीएम मोदी को शपथ लिए 20 घंटे हो चुके हैं और वो पूरे एक्शन में भी नजर आ रहे हैं। आज सुबह वो अपने दफ्तर साउथ ब्लॉक पहुंचे। फिर अपना कामकाज शुरू किया। प्रधानमंत्री ने पहला काम किसानों के नाम किया। लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। इस फैसले के तहत देश के 9 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ये रकम किसानों के अकाउंट में खटाखट पहुंचेगी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपनी सरकार के 125 दिन के विजन की फाइल पर भी काम करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर यूपी के सीएम ने भी आभार जताया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि सभी कृषकों को हार्दिक बधाई! तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित! आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस निर्णय से लाभान्वित होने वाले 9.3 करोड़ अन्नदाता किसानों के बैंक खातों में लगभग 20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित होगी।

किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों-बहनों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार! बता दें कि पीएम किसान सम्मान निधि से यूपी के काफी किसानों को लाभ मिलता है। वहीं इस योजना का काफी संख्या में लोग लाभ उठा रहे हैं। तहसील स्तर पर किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए अधिकारियों की ओर से जागरूक किया जाता है। इसमें तहसीलदार से लेकर एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारी इस योजना के बारे में किसानों को बताते हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली दिल्ली में मुलाकात की है।

# सलमान खान के घर गोलीबारी



## आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए, अदालत ने कहा

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें। अदालत ने कहा, उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है।

यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों - विक्की गुप्ता और सागर पाल - को बाद में गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद तय की।



## अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल, नजर आएंगे कुछ एक्टर्स

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 में सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी।

टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार 'धमाल 4' लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि 'धमाल 4' को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन , अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे। यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

# 27 साल पुराना वादा पूरा करने आ रहा फौजी

## सनी देओल ने किया बॉर्डर 2 का ऐलान

नई दिल्ली। अभिनेता सनी देओल ने गुरुवार को 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के रिलीज होने के 27 साल पूरे होने पर 'बॉर्डर-2' बनाने का एलान किया। निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म युद्ध पर बनी भारत की सबसे बड़ी फिल्म होगी और अनुराग सिंह इसका निर्देशन करेंगे। वह केसरी और जट्ट एंड जूलियट जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्मकार जेपी दत्ता ने बॉर्डर का निर्देशन किया था। वह जेपी फिल्म्स के तहत अपनी बेटी निधि दत्ता के साथ मिलकर इसका सीक्वल बनाएंगे।

फिल्म निर्माताओं में टी-सीरीज के भूषण कुमार और किशन कुमार भी शामिल होंगे। देओल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बॉर्डर 2 का टीजर जारी किया। उन्होंने इसके साथ लिखा, एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने के लिए फिर से आ रहा है। भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बॉर्डर 2। भूषण कुमार, किशन कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता फिल्म का निर्माण करेंगे और अनुराग सिंह इसका निर्देशन करेंगे। बॉर्डर फिल्म 13 जून 1997 को रिलीज हुई थी। इसमें साल 1971 में लोंगेवाला में हुए भारत और पाकिस्तान के युद्ध से जुड़ी घटनाओं को दर्शाया गया था।

इसमें सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी और पुनीत इस्सर के अलावा कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी, पूजा भट्ट और शरबनी मुखर्जी ने भी भूमिका निभाई थीं। 'बॉर्डर' उस साल की सबसे अधिक कमाई वाली फिल्मों में शामिल हुई थी और गानों की वजह से फिल्म को काफी लोकप्रियता मिली। फिल्म के गीत जावेद अख्तर ने लिखे थे और संगीत अनु मलिक ने तैयार किया था। 'बॉर्डर' के संदेसे आते हैं, ए जाते हुए लम्हों और मेरे दुश्मन, मेरे भाई जैसे गाने आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। फिल्म को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से भी नवाजा गया था।



# सोनाक्षी ने जहीर इकबाल संग शादी को लेकर तोड़ी चुप्पी

## शत्रुघ्न सिन्हा बोले- आजकल के बच्चे सहमति नहीं लेते





मुंबई। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से एक बार फिर सुर्खियों में आई सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपने रुमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी को लेकर चर्चाओं में हैं। बताया जाता है कि सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग 23 जून को शादी करने जा रही हैं। इस अचानक आई खबर से हर कोई हैरान है। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के बारे में कहा कि वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। उनसे अक्सर उनकी शादी के बारे में सवाल पूछे जाते हैं और उन्हें अब इसकी आदत हो गई है वहीं शादी को लेकर सोनाक्षी के पापा शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। शत्रुघ्न सिन्हा का कहना है कि उनकी बेटी सोनाक्षी ने उन्हें अभी तक शादी के बारे में कुछ नहीं बताया है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा भी कहा है कि जिससे यह कयास लग रहे हैं कि क्या दिग्गज एक्टर और टीएमसी सांसद शत्रुघ्न इस रिश्तसे खुश नहीं हैं ?एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने कहा- मुझसे हर समय इसके बारे में पूछा जाता है। अब ऐसा लगता है कि यह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकल जाता है। सबसे पहले, यह किसी का काम नहीं है। दूसरा, ये मेरी पसंद है, इसलिए मुझे नहीं पता कि लोग इसके बारे में इतना परेशान क्यों हैं ? लोग मुझसे मेरे माता-पिता से ज्यादा मेरी शादी के बारे में पूछते हैं, इसलिए मुझे यह बहुत मज़ेदार लगता है। अब, मुझे इसकी आदत हो गई है। यह मुझे परेशान नहीं करता। लोग उत्सुक हैं... हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं ?

वहीं शादी को लेकर सोनाक्षी के पापा शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। शत्रुघ्न सिन्हा का कहना है कि उनकी बेटी सोनाक्षी ने उन्हें अभी तक शादी के बारे में कुछ नहीं बताया है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसास भी कहा है कि जिससे यह कयास लग रहे हैं कि क्या दिग्गज एक्टर और टीएमसी सांसद शत्रुघ्न इस रिश्तसे खुश नहीं हैं ?



# पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के जीवन पर बनेगी

## फिल्म, बोलीं- यह सिर्फ मेरी कहानी नहीं है...



मुंबई। पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के जीवन पर एक फिल्म बनाई जा रही है। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म का नाम 'बेदी- द नेम यू नो..द स्टोरी यू डोंट' होगा। इसके निर्देशक व लेखक कुशाल चावला हैं। इसका निर्माण 'ड्रीम स्लेट पिक्चर्स' के बैनर तले किया जाएगा। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म में बेदी के जीवन के उस पक्ष को सामने लाया जाएगा जिससे अभी तक लोग अनजान हैं। इसकी कहानी उनके व्यक्तिगत तथा पेशेवर जीवन से जुड़ी चुनौतियों, उनके जुझारू व्यक्तित्व को पर्दे पर लाएगी। बेदी ने बयान में कहा '' यह कहानी सिर्फ मेरी कहानी नहीं है। यह एक भारतीय महिला की कहानी है...एक भारतीय महिला जो भारत में पली-बढ़ी, भारत में पढ़ाई की, भारतीय माता-पिता से जिसकी परवरिश की।'' उन्होंने कहा, '' मेरी कहानी नौ साल की उम्र से शुरू हो गई जब मेरे पिता ने मुझसे कहा था, 'जीवन एक ढलान है, या तो आप ऊंचाई की ओर जाएंगे या नीचे आएंगे'।''

बेदी ने कहा कि उनकी मां ने उनसे कहा था कि उन्हें एक ऐसा इंसान बनना चाहिए जो दूसरों की मदद कर पाए न कि जिसकी दूसरे मदद करें। उन्होंने कहा, '' ये दोनों बातें मेरे मार्गदर्शक सिद्धांत बने रहे।'' चावला ने कहा कि उन्होंने बेदी पर फिल्म बनाने के लिए करीब चार साल तक उनके बारे में विभिन्न जानकारियां बटोरी और उनके व्यक्तित्व को पहचाना।

# आतंकी हमले में कानपुर का युवक घायल, आईसीयू में भर्ती

## परिजन हालचाल जानने के लिए व्याकुल

रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले में शहर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों को उसे आईसीयू में भर्ती होने की जानकारी तो मिल गई लेकिन उसके बाद का हाल अब तक नहीं पता चला है। घायल युवक की मां और बड़ा बेटा व उनकी बहू उसकी खबर जानने के लिए इंतजार में व्याकुल हो रहे हैं। परिजनों का कहना था कि एसडीएम का फोन आया था जिन्होंने बेटे की भर्ती होने की जानकारी दी।



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मूलरूप से जिला गोंडा के परशुरामपुर की रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि वह परिवार के साथ सीसामऊ थानाक्षेत्र के जवाहर नगर शांति निकेतन के सामने लाइन पटरी में रहती हैं। उनका 25 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता जम्मू-कशमीर के रियासी में हुए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मां निर्मला के अनुसार वह 4 जून की सुबह गोंडा गया था। जहां से रात में ट्रेन से बहन नीलम गुप्ता उर्फ रानी, बहनोई देवी प्रसाद व उनके बच्चों 12 वर्षीय प्रिंस, 10 वर्षीय पलक समेत आठ लोगों के साथ वैष्णों देवी के दर्शन करने गया था। जहां से वह शिवखोड़ी गए थे। बताया कि घटना में बस में दिनेश के अलावा अन्य और भी लोग घायल हो गए।

### परिजन भूखे-प्यासे, नहीं पहुंचे जिम्मेदार

हादसे में गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार गुप्ता के बड़े भाई रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वे लोग टीवी से चिपके रहे। रात तक घायलों की लिस्ट दिखाई तो उसमें दिनेश का भी नाम था। घायल युवक की भाभी संध्या के फोन पर सोमवार दोपहर किसी की कॉल आई थी। उसने खुद को एसडीएम बताया और दिनेश के घायल होने की जानकारी दी थी। मोहल्ले की ज्योति के अनुसार एक टीवी चैनल पर उन्होंने घायल दिनेश और उसके साथ गए बहन-बहनोई को देखा था। परिजनों का कहना था कि स्थानीय प्रशासन व पुलिस झांकने तक और जानकारी देने तक नहीं आई।

### खस्ते-कचौड़ी का ठेला लगाकर चलाता परिवार

दिनेश की पड़ोसी ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि हमले में घायल दिनेश ही पूरे परिवार का पालन पोषण करता है। उसका विवाह नहीं हुआ है। वह गुमटी में खस्ता-कचौड़ी का ठेला लगाकर परिवार की देख रेख करता है।

मीडियाकर्मियों के फोन पर जानकारी देने पर मामला संज्ञान में आया है। लेकिन घायल के विषय में कोई आधिकारिक पुष्टि या सूचना थाने पर नहीं मिली है।- हिमांशु **चौधरी, सीसामऊ एसओ**

## चार मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा किए गए बैन, तीन चरणों में व्यवस्थित किए जाएंगे

कानपुर। शहर में जाम का बड़ा कारण बन चुके 41000 ई-रिक्शा को व्यवस्थित किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर की अध्यक्ष में मंडलायुक्त सभागार में उच्च स्तरीय संचालन समिति की बैठक हुई। फैसला लिया गया कि शहर के 4 प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा नहीं चलेंगे।बैठक में यातायात पुलिस द्वारा यातायात प्रबंधन के लिए बनाई गई कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन दिया गया। पूरी योजना को 3 चरणों में बांटा गया है।

पहला चरण- शहर में ई-रिक्शा प्रतिबन्धित 4 जोन बनाए गए हैं। रामादेवी चौराहे से आईआईटी कल्याणपुर, जाजमऊ से भौंती बाइपास, नौबस्ता चौराहा से रमईपुर, फूलबाग चौराहा से कम्पनी बाग चौराहा शामिल है। दूसरा चरण- शहर में ई-रिक्शों के कारण ट्रैफिक दबाव कि स्थिति बनती है, इससे निजात दिलाने के लिए 3 प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा यू टर्न की व्यवस्था लागू की गई है। इसमें घंटाघर, जरीब चौकी, रामादेवी चौराहा शामिल है। तीसरा चरण- शहर में लगभग 41,000 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं जिनके संचालन के लिए 30 सड़कें चिन्हित की गई हैं। इन सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन के लिए ई-रिक्शों का सत्यापन कर रूट का निर्धारण व प्रवर्तन की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में यह फैसला भी लिया गया कि मौरंग मण्डी (पनकी) में सड़क के दोनों तरफ खड़े हाने वाले ट्रक / डम्फर की वजह से यातायात प्रभावित होने व दुर्घटनाएं पर लगाम लगाई जाएगी। इसके समाधान के लिए एडीएम सिटी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अपर पुलिस उपायुक्त, ओएसडी केडीए, अपर नगर आयुक्त नगर निगम व तहसीलदार शामिल हैं। कमेटी समस्या के शीघ्र समाधान के लिए विकल्प तलाश कर उच्च स्तरीय कमेटी को रिपोर्ट देगी। इसके साथ ही कमेटी ब्रोकर व किसानों से वार्ता कर समन्वय कराकर मौरंग डम्प करने व वाहन की पार्किंग के लिए रेंट पर जमीन उपलब्ध कराएगी।

बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह, केडीए वीसी मदन सिंह गरब्याल, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त विजय ढुल, आशीष श्रीवास्तव, राम सेवक गौतम, सरवन कुमार सिंह, आरती सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मौत का सौदागर बना टाटमिल का कृष्णा हॉस्पिटल

**इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा**

**कृष्णा हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही और मनमानी के लगे चुके हैं कई आरोप**




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर महानगर में कई अस्पताल सिर्फ पैसे छापने की मशीन बनकर रह गए हैं। इन अस्पतालों में आए दिन लापरवाही पर हंगामा और बवाल शगल बन चुका है। शक्रवार को टाटमिल स्थित कृष्णा हॉस्प्टिल में एक घायल की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही बरती गई। हालांकि, बाद में मामला सुलट गया लेकिन तमाम सवाल अभी हैं। घटनाक्रम के मुताबिक यशोदानगर हाइवे पर ट्रक ने स्कूटी सवाल रेलवे से रिटायर शंकराचार्य नगर निवासी रामप्रकाश शुक्ला-68 को टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल घायल हालत में कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। यहां पर उनकी मौत हो गई। भतीजे के अनुसार इलाज में ध्यान नहीं दिया गया। अस्पताल प्रबंधन पैसे के चक्कर में लापरवाही की। सूत्रों के अनुसार कृष्णा हॉस्प्टिल में इसके पहले भी कई मरीजों की लापरवाही से मौत हो चुकी है। स्थानीय पुलिस से साठगांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। कई बार मामले में समझौता हो जाने के चलते एफआईआर दर्ज नहीं होती। इसका फायदा अस्पताल प्रबंधन को मिलता है।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सी0एम0ओ0 को ज्ञापन सौंप कर दिव्यांग बोर्ड की खामियाँ दूर करने की मांग की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की दिव्यांग बोर्ड ने पैर से दिव्यांग का आनलाईन आंख का प्रमाण पत्र बना दिया है, बहुत से दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र में दिव्यांगता ही नहीं दर्ज है। जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र में कोई त्रुटी हो गयी है उनमें सुधार का विकल्प खत्म हो गया है। दिव्यांगजन प्रमाण पत्र में गलतियों के सुधार के लिए दिव्यांग बोर्ड के चक्कर काट रहे है।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बोर्ड की समस्या दूर नहीं हुई तो आन्दोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि दिव्यांग बोर्ड की समस्याओं के सम्बन्ध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। आज तक समस्याओं का समाधान नहीं कराया गया। सी0एम0ओ0 ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया है।आज ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, सरला, धीरेन्द्र केशरवानी, गुलजार, महेश चन्द्र साहु,जितेन्द्र गुप्ता,अर्जुन कुमार,तृप्ति खरे, गोमती,सीमा कुशवाहा,जौहर अली,अमीत कुशवाहा, सीमा बाजपेई,अनिल राज बाजपेई, रानी बाजपेई आदि शामिल थे।

## तपती गर्मी से राहत हेतु बांटा शर्बत व बिस्किट

कानपुर ।लेडीज क्लब (रजिज़) द्वारा आर्यनगर में नमकीन भण्डार के बाहर तपती गर्मी से राहत देने हेतु ठंडे शर्बत व बिस्किट नमकीन इत्यादि का स्टाल लगाया गया। लगभग 4000 राहगीरों ने इसका लाभ उठाया। शर्बत वितरण के कार्य में पूर्व अध्यक्ष निर्मल गोयल,मुदिता अग्रवाल,अध्यक्ष हीना राछ ,रूपल,सुनीता वार्ष्णेय,पुनितम, रीतू,आरती,रचना सरला,पूनम अरुणा,मीना इत्यादि ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया।




# नाला सफाई : फील्ड पर मेयर प्रमिला पांडे

## प्रमिला पांडेय ने बर्रा-8 सब्जी मण्डी सहित सर्वप्रथम रफाका नाला का निरीक्षण किया गया





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत नाला निरीक्षण के लिए महापौर प्रमिला पांडेय बर्रा-8 सब्जी मण्डी में पहुंची। नाले का निरीक्षण किया गया। महापौर द्वारा सर्वप्रथम रफाका नाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वार्ड 9 रविदासपुरम अन्तर्गत बर्रा 8 में पुलिया न होने के कारण पुराना नाला एवं स्वास्थ्य विभाग की नाली बन्द कर अतिक्रमण किया गया था, जिसके कारण नाले में सफाई न हो पाने पर अतिक्रमण हटाकर हटाते हुए नाला सफाई के निर्देश दिये, साथ पुलिया बनवाये जाने के भी निर्देश दिये । स्थानीय जनता द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाये जाने की सहमति दी गयी। महापौर ने बर्रा-4 की पुलिया पर भी नाला सफाई का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में सफाई कार्य की सराहना की। निरीक्षण में अतुल पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-5, अरविन्द यादव, जोनल स्वच्छता अधिकारी, जोन-5, कमलेश पटेल, सहायक अभियन्ता, जीवेक, अवर अभियन्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## विकलांग एसोसिएशन ने सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का किया आयोजन

### 09 नवम्बर 2024 को दिव्यांग व गरीब व्यक्तियों का होगा सामूहिक विवाह



कानपुर। विकलांग एसोसिएशन ने आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया में सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 24 आवेदन प्राप्त हुये। दिव्यांग व गरीब व्यक्तियों का सामूहिक विवाह 09 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की दिव्यांग लड़की से स्वस्थ लड़के द्वारा विवाह करने पर सरकार से पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की दिव्यांग लड़के से विवाह करेगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपये सरकारी सहायता दिलायी जायेगी।विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ – पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित अनुरोध करना होगा।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा की दिव्यांग व्यक्तियों के विवाह में बहुत समस्या आ रही है। दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये आवेदन नाम मात्र ही आते हैं। जबकि दिव्यांग लड़कों के आवेदन अधिक आते हैं। दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह न हो पाने के कारण वो मानसिक तनाव में रहते हैं।वीरेन्द्र कुमार ने बताया की सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।आज के शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिप्ती खरे, कमलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## पुरानी पेंशन को लेकर किला मजदूर यूनियन ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को सौंपा मांग पत्र

कानपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बनारस लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अजय राय कई निजी कार्यक्रमों के तहत कानपुर आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी से आयुध उपस्कर निर्माणी (ओईएफ) फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई को शास्त्री नगर स्थित सिंधी धर्मशाला बुलवाया। जहां यूनियन सदस्यों ने अजय राय के समक्ष आर्डिनेंस फैक्टरियों के निगमीकरण को रद्द करवाने और पुरानी पेंशन की बहाली के मुद्दे को लोकसभा में उठाने के लेकर एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही यूनियन ने उनसे यह भी मांग करी कि वे इन दोनों मुद्दों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से यूनियन प्रतिनिधिमंडल को मिलवाने के साथ उनसे भी इन दोनों मुद्दों को पूरे देश में उठाने का आग्रह करे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किला मजदूर यूनियन को शत प्रतिशत आश्वस्त किया कि वे निगमीकरण को रद्द करवाने और पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे और श्री राहुल गांधी जी के साथ प्रियंका गांधी जी के समक्ष दोनों मुद्दे प्रमुखता से रखेंगे। मांग पत्र सौंपने के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के सचिव सिद्धनाथ तिवारी, यूनियन अध्यक्ष महेंद्रनाथ, कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई, जेसीएम चतुर्थ सदस्य नीरज सिंह, विजय पाल, संजय गुप्ता,अनिल कुमार, रोहित तिवारी आदि रहे।

# कानपुर में दवा व्यापारी चिंतन गोष्ठी का किया गया आयोजन, उत्तरप्रदेश के 32 जिलों से दवा व्यापारियों ने लिया भाग





बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर के दवा व्यापारियों की संस्था दि दवा व्यापार मंडल एवं फुटकर दवा व्यापार मंडल द्वारा पार्टी प्लेनेट, 80 फिट रोड पर दवा व्यापारी चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे उत्तरप्रदेश के 32 जिलों से दवा व्यापारियों ने भाग लिया।

चेयरमैन संजय मेहरोत्रा ने बताया कि दवा निर्माता कंपनियाँ निरंकुश होती जा रही हैं। अध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल के निजी मेडिकल स्टोर में 20 से 30त्न अतिरिक्त मुनाफा देकर अपनी दवाई सीधा लखनऊ या कम्पनी से सप्लाई कर रही है। जिससे दवा व्यापारियों का व्यापार 40त्न तक घट गया है। संरक्षक स0हरविंदर सिंह भल्ला ने कहा की दवा व्यापारियों की सुनने वाला कोई नहीं है।

जिससे दवा कंपनियां बेख़ौफ़ हो गई है और अपने फायदे के लिए नए-नए नियम बनाती जा रही है। जिससे दवा व्यापारियों का मुनाफा घट रहा है। महामंत्री नंद किशोर ओझा ने कहा कि दवों की वापसी एक्सपायरी एवं डैमेज ना लेनी पड़े इसके लिए प्रतिदिन नए नियम बनाए जा रहे हैं। जो कि पूरे दवा व्यापार के लिए हानिकारक है। संजय मल्होत्रा, अरुण कुमार अस्थाना, बी.पी.साहू, सुमित पावा के साथ रोहित टंडन, अशोक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, योगेश अग्रवाल योगी, कुलवीर सिंह बेदी, संचित गुप्ता, शेष नारायण तिवारी, इरफान अहमद, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राशन कार्ड में दर्ज सभी नामों को लगाना होगा अंगूठा

- कार्डधारकों को सभी यूनिट के साथ कोटेदार के यहां पहुंचकर मशीन में अंगूठा लगाना होगा
- जो अंगूठा नहीं लगाएगा, उसके हिस्से का राशन नहीं दिया जाएगा
- यह प्रक्रिया इस बार या अगले माह राशन वितरण के दौरान पूरी करनी होगी।

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाया है। राशन कार्ड में जितने भी नाम दर्ज होंगे, उन सभी को एक बार मशीन में अंगूठा लगाना होगा। जो अंगूठा नहीं लगाएगा, उसके हिस्से का राशन नहीं दिया जाएगा। यह प्रक्रिया इस बार या अगले माह राशन वितरण के दौरान पूरी करनी होगी। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। कार्डधारकों को सभी यूनिट के साथ कोटेदार के यहां पहुंचकर मशीन में अंगूठा लगाना होगा। जिस सदस्य का अंगूठा नहीं लगेगा, उसका राशन कार्ड से नाम काट दिया जाएगा।

**अंगूठा लगाकर होगा सत्यापन**-कानपुर में वर्तमान में 8 लाख 23 हजार राशन कार्ड धारक हैं। इसमें से 63,165 अंत्योदय कार्ड धारक हैं। वर्तमान में राशन वितरण प्रक्रिया चल रही है। विभाग की ओर से कोटेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि राशन वितरण के साथ ही कार्ड के सभी यूनिटों का अंगूठा लगवाकर सत्यापन करा लें कि जितने नाम दर्ज हैं, वे वास्तव में हैं या नहीं।

कोई नहीं है तो उसका नाम हटाया जाएगा या किसी का नाम जुड़ना हो तो जोड़ा जाए। ई-केवाईसी के लिए किसी साइबर कैफे में नहीं जाना होगा, सरकारी राशन की दुकान पर ही मशीन से केवाईसी हो जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज की एमएमबीबीएस छात्रा 5वीं मंजिल से गिरी, मौत

## साथी डॉक्टरों के साथ पार्टी की, भाई बोला- दोस्तों ने धक्का दिया, 2 हिरासत में


दीक्षा, मृतका

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर मेडिकल कॉलेज (GSVM) की 5वीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत हो गई। उसने बुधवार, 13 जून की रात साथी डॉक्टरों के साथ पार्टी की। फिर सभी छत पर गए। थोड़ी देर में उसके छत से गिरने की आवाज आई ।उसकी मौके पर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने कॉलेज प्रशासन को इसकी जानकारी दी ।हादसे की सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच-पड़ताल की। साथी डॉक्टरों का कहना है- दीक्षा छत पर जिस जगह बैठी थी, वो टूट गई। इसलिए वो नीचे गिर गई। हालांकि, महिला डॉक्टर के भाई ने कहा- छत पर रगड़ के निशान हैं। उसे छत से फेंका गया है। फिलहाल, पुलिस ने 2 साथी डॉक्टरों को हिरासत में लिया है ।साथ ही ष्टष्टञ्जङ्क चेक कर रही है ।दीक्षा तिवारी (26) बरेली की रहने वाली थी। 2024 सेशन में ही उसने MBBS की पढ़ाई पूरी की। 25 जून को मेरठ मेडिकल कॉलेज में जॉइनिंग लेनी थी। दीक्षा कानपुर के स्वरूप नगर में किराए पर रहती थी। उनके पिता प्रदीप तिवारी का बरेली में प्रिंटिंग प्रेस का काम है।

# बारदाना व्यापार मंडल कानपुर की आम सभा एवं कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम हुआ आयोजित

बीपीएस न्यूज



कानपुर। बारदाना व्यापार मंडल कानपुर की आम सभा और कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि मुकुंद मिश्रा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भी उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में यह कहा कि आज व्यापारियों को एक होने की जरूरत है और जागरूक होने की जरूरत है जिस अफसर शाही से व्यापारी को राहत दिलाई जा सके द्य और बारदाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करी द्यबारदाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश गुप्ता के आश्रमिक निधन होने कारण कमेटी को 10 जून 2024 पदाधिकारी की सहमति से भंग कर नई कमेटी गठन करने का प्रस्ताव सदन में प्रेषित कर पास किया गया था द्य मुख्य संरक्षक मुकुंद मिश्रा संरक्षक कन्हैया लाल गुप्ता और सुरेश अग्रवाल और अध्यक्ष महेंद्र कुमार गुप्ता, चेयरमैन रामकृपाल जायसवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल गुनानी ,उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सीताराम गुप्ता ,वरिष्ठ मंत्री राकेश साहू, मंत्री सक्षम गुप्ता ,संगठन मंत्री विनोद श्रीवास्तव ,प्रचार मंत्री शिव गुप्ता, संयुक्त मंत्री पंकज राठौर और अन्य अधिकारी नियुक्त किए गए को नियुक्त किया गया द्यकार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री रामेश्वर लाल टिकम सेटिया,कृपा शंकर त्रिवेदी ,प्रदीप गुप्ता ,विराट गुप्ता , चंद्र प्रकाश ओमर,देवी खन्ना, धीरेंद्र गुप्ता ,राकेश साहू मनोज गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, सक्षम गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, शिव गुप्ता ,पंकज राठौर और अन्य वरिष्ठ बारदाना व्यापारी और व्यापारी उपस्थित रहे ।

# गंगा दशहरा के पर्व पर करौली शंकर महादेव जी के द्वारा मां गंगा आरती,भजन व महाहवन का किया गया आयोजन



स्वप्निल तिवारी


कानपुर। सरसैया घाट के गंगा तट पर प्रत्येक रविवार को करौली सरकार जी के द्वारा मां गंगा आरती के संकल्प में गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर किया गया भव्य आयोजन जिसमें देश के सभी शहरों से आए भक्तो ने इस आयोजन में भाग लिया। शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने गंगा आरती के साथ भजन संध्या का आयोजन कर भक्तों को आनंदित किया। आज की गंगा आरती, भजन संध्या व महाहवन के मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल जी की मुख्य उपस्थित गंगा तट पर रही। आरती के पश्चात उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि आध्यात्मिक रूप से गंगा जितनी पवित्र निर्मल स्वच्छ और पतित पावनी है अपने ऋषियों ने भौतिक रूप से भी गंगा को उतना ही स्वच्छ निर्मल और पवित्र रखने का निर्देश दिया है। देश की जनता को अपना कर्तव्य समझ कर गंगा को मातृवत स्थान देते हुए उन्हें संरक्षित तथा प्रदूषण मुक्त करने हेतु पूर्ण सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने इस तरह से आयोजनों को करवाने के लिए करौली शंकर महादेव जी को धन्यवाद किया की इस तरह मां गंगा के तट पर आयोजनों से अपनी संस्कृति को बल मिलता है इन आयोजनों में युवाओं को भी अपनी सहभागिता करनी चाहिए ये संदेश भी दिया साथ ही ये भी कहा की पॉलीथिन प्लास्टिक के दोने प्लेटे,विभिन्न संस्कारों से उतारे गए केस,विभिन्न उत्सवों के समय निर्मित होने वाली प्लास्टर ऑफ पेरिस व केमिकल रंगों से रंगी मूर्तियों का विसर्जन,अधजली शव का प्रवाह प्रतिबंध करते हुए कपड़े धोने तथा स्नान के दौरान शैंपू साबुन तेल उबटन आदि का प्रयोग पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसी दौरान शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने मां गंगा के प्रति दायित्वों का निर्वहन करने की अपील करते हु कहा की गंगा के समीपवर्ती क्षेत्रो में स्थापित फैक्ट्री को यथासंभव अन्यत्र स्थापित किया जाए। सीवर गंदे नालो तथा कारखाने से निकलने वाले हानिकारक द्रव्यो को किसी भी स्थिति में गंगा में ना गिरने दिया जाए। औसत जल प्रवाह निरंतर प्रभावित होते रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।चोपड़ा ने कहा कि गंगा प्रिजर्वेशन एक्ट सरकार द्वारा बनाया जाए तथा शक्ति से उसका पालन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही गंगा में किसी भी प्रकार के प्रदूषण फैलाने को अक्षम्य अपराध की श्रेणी में सम्मिलित करते हुए ऐसे कृतियों को संलिप्त पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान भी होना चाहिए। आज देश के प्रत्येक नागरिक समाज और सरकार का यह उत्तरदायित्व है कि गंगाजल को प्रदूषित न होने दें ताकि भविष्य में हमें स्वच्छ गंगाजल के लिए कहीं तरसना न पड़े हम सब का मां गंगा को स्वच्छ रखना नैतिक कर्तव्य है।



इसी के साथ आज सरसैया घाट पर विशाल गंगा आरती के पश्चात भजन संध्या व महाहवन का सभी भक्तों ने आनंद लिया प्रात: सभी भक्तो ने मां गंगा का आचमन किया और डुबकी लगाई तट पर करौली शंकर महादेव जी के द्वारा महाप्रसाद प्रसाद व शरबत आदि का वितरण किया गया। उपरोक्त करौली सरकार के तत्वाधान में आयोजित प्रत्येक रविवार को होने वाली गंगा आरती में शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा,प्रदेश महिला अध्यक्ष मीना द्विवेदी,ज्योती मिश्रा,नंदिनी,प्रीती शुक्ला,ममता मिश्रा,शंकर सेना के कानपुर जिला प्रमुख युवा शाखा विनय वर्मा,जिला प्रमुख विशाल बाजपेयी,आलोक,रितेश तिवारी,आयुष द्विवेदी,अमन शुक्ला के साथ सैकड़ो गंगा भक्त मौजूद रहे।

# गर्मी से बचाने के लिए व्यापारियों ने किया शरबत का वितरण



बीपीएस न्यूज

कानपुर। द मॉल रोड मर्चेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में फूल बाग स्थित खादी आश्रम के निकट ओम फोटो के सामने शरबत का वितरण किया गया। अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता ने बताया कि यह जन सेवा का कार्य व पिछले 21 वर्षों से प्रत्येक वर्ष करते आ रहे हैं। इस चिलचिलाती गर्मी में जहां सूर्य देव अपना रौद्र रूप धारण करते हुए ऐसे में ठंडे शरबत का वितरण कार्यक्रम में राहगीर क्षेत्रीय नागरिक एवं व्यापारियों ने ठंडे शरबत को पिया और अपनी प्यास बुझाई। हमारा व्यापार मंडल किसी राजनीतिक दल को सपोर्ट नहीं करता है हमारा सिर्फ जन सेवा का उद्देश्य रहता है और सामाजिक कार्यों में हमारा व्यापार मंडल बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। युवा नेता शिवम गुप्ता ने कहा कि गरीबों की प्यास बूझकर मन में जो खुशी मिलती है वह सबसे बड़ी बात है क्योंकि एक प्यास की प्यास बुझाने के बात उस खुशी का नजर लगाना मुश्किल है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष चंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, शिवम गुप्ता ,श्रेयअग्निहोत्री, शुभ, विकास गुप्ता, शिवम ओमर, आदर्श, रोहित चौरसिया, सुखनंदन यादव गप्पू ,सचिन, पवन भार्गव, दिलशाद, हर्षित सिंह, अनुराग गुप्ता, राजेश तुलस्यान एवं धर्मेंद्र मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।